# राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

विज्ञापन संख्या एनसीईआरटी/भर्ती-II-1/2016

एनसीईआरटी मुख्यालय, **नई दिल्ली** और इसकी संघटक इकाइयों में वेतन बैन्ड-1 (₹ 5200-20200) में ग्रेड वेतन ₹ 1900/- (वर्ग-ग) पर अवर श्रेणी लिपिक के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य अनुदेश

**नोट :**

**परिषद् लिखित परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत छानबीन नहीं करेगी। अतएव अभ्यर्थिता अस्थाई रूप से स्वीकार की जाएगी।**

**केवल निर्धारित अर्हताओं और आवश्यक अनुभव प्राप्त होने से ही किसी व्यक्ति को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हक नहीं होगा और जो इस पद के लिए आवेदन कर रहे हों उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में विहित सभी पात्रता मापदण्डों को पूरा करते हैं। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया गया कि वह विहित मापदण्डों को पूरा नहीं करता/ती है तो उसकी अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा और कोई शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।**

अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व ध्यानपूर्वक अनुदेशों को पढ़ें तथा अर्हता/अनुभव/आयु आदि के संबंध में पात्रता की पुष्टि करें।

स्टार (*) चिह्नों वाले खाने अनिवार्य है और अभ्यार्थी द्वारा अवश्य भरे जाएं। सभी अपेक्षित जानकारी प्रदान करने के पश्चात् 'सबमिट' बटन को क्लिक करें। तथापि 'सबमिट' बटन क्लिक करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि कोई बदलाव अपेक्षित न हो। आवेदन के 'सबमिट' करने के बाद किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन के 'सबमिट' करने पर **यूनीक रजिस्ट्रेशन नंबर (यू आर एन**) के साथ पुष्टि के लिए एक पृष्ठ दृष्टिगत होगा। अभ्यर्थी इस पृष्ठ को प्रिंट करते हुए नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएँ, फोटो पर तथा आवेदन प्रपत्र पर हस्ताक्षर करें और इसे सचिव, एनसीईआरटी के पक्ष में नई दिल्ली में देय बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक (इसके पीछे की ओर अभ्यर्थी का नाम और आवेदन का यू आर एन नंबर उल्लिखित करते हुए) के रूप में आवेदन शुल्क के साथ **साधारण डाक द्वारा** अनुभाग अधिकारी, भर्ती-II अनुभाग, एनसीईआरटी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016 को भेजें।

**लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या और आवेदित पद का नाम, यूआरएन एवं परीक्षा केन्द्र के विकल्प का उल्लेख करें**

अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त अथवा उपर्युक्त किसी भी दस्तावेज़/अपेक्षा और **यूनीक रजिस्ट्रेशन नंबर (यू आर एन) को उद्धृत किए बिना** ऑनलाइन निकाले गए आवेदन की हार्ड प्रति पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द कर दिया जाएगा। इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा और आवेदनों की अनुप्रतियों को भी रद्द कर दिया जाएगा। डाक में हुई किसी भी देरी के लिए एनसीईआरटी जिम्मेदार नहीं होगी।

ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 08/02/2016 सांय 5:00 बजे तक होगी और हार्ड प्रति की प्राप्ति की अंतिम तिथि 22/02/2016 सांय 5:00 बजे तक होगी।

ऑनलाइन आवेदन 'सबमिट' करते हुए किसी भी कठिनाई के लिए कृपया अपनी समस्या का विवरण एनसीईआरटी को r2ncert@gmail.com पर ईमेल करें।

**<u>एनसीईआरटी में अवर श्रेणी लिपिक का पद भरने के लिए शैक्षिक अर्हता/आयु सीमा/परीक्षा की योजना आदि</u>**

**क)** **पद का नाम** : एनसीईआरटी मुख्यालय, **नई दिल्ली** और इसकी संघटक इकाइयों में वेतन बैण्ड-1 (रु.5200-20200, ग्रेड वेतन रु.1900/- वर्ग-ग) पर अवर श्रेणी लिपिक।

**ख)** **पदों की संख्या** :

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र/जिला | पदों की कुल संख्या | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **नई दिल्ली** | 58 | 27 | 8 | 2 (पिछली बकाया 1 सहित) | 21 (पिछली बकाया 6 सहित) |
| 2 | **भुवनेश्वर/कोलकाता** | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| 3 | **मैसूर/बेंगलूरु** | 5 | 1 | 2 | - | 2 |
| 4 | **पीएसएससीआईवीई, भोपाल** | 2 | 0 | 1 | 1 (पिछली बकाया रिक्ति) | 0 |
| | **कुल** | **70** | **30** | **12** | **4** | **24** |

**परिषद् के पास रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने, पैनल की मान्यता के दौरान उत्पन्न भावी रिक्तियों को भरने हेतु एक पैनल तैयार करने, जो कि सामान्यत: एक वर्ष के लिए कार्यरत होता है, और विज्ञापित पदों में से किसी पद को भी न भरने का अधिकार सुरक्षित है।**

(ग) **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता :**

i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण हो।
ii) कंप्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति।

**(घ)** **आयु सीमा**

1. आयु 18 से 27 वर्ष के बीच हो।
2. भारत सरकार के नियमानुसार अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व./निशक्तजन/पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण केवल उनके लिए लागू होगा जो समय-समय पर संशोधित अ.पि.व. की केन्द्रीय सूची में उल्लिखित हो और नवोन्नत वर्ग में नहीं हों। अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व./निशक्तजन/पूर्व सैनिक वर्गों के अंतर्गत आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्ररूप में अपना संबंधित जाति/निशक्तता/सेवा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित होगा।
3. निशक्तजन वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी को भारत सरकार के नियमानुसार संबंधित वर्ग की शारीरिक निशक्तता के मापदण्डों को पूरा करना होगा
4. एनसीईआरटी कार्मिकों हेतु कोई आयु सीमा नहीं है।

5. **आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि 01/01/2016 होगी और आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि पर उपलब्ध मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र या समकक्ष प्रमाण-पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकार की जाएगी।**

**(ङ)** **देय शुल्क :**

अ.जा/अ.ज.जा./निशक्तजन/महिला अभ्यर्थियों को छोड़कर सभी अभ्यर्थियों को ₹ **200/-** (अप्रतिदेय) का आवेदन शुल्क **"सचिव, एनसीईआरटी"** के पक्ष में आहरणीय और नई दिल्ली में **देय बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक के रूप में देय है। आवेदन प्रपत्र के साथ डिमांड ड्राफ्ट भेजते हुए बैंक ड्राफ्ट के पीछे की ओर अभ्यर्थी का नाम और यू आर एन लिखा होना चाहिए।**

**(च)** **परीक्षा का केन्द्र :**

अभ्यर्थी को अपनी प्राथमिकता के क्रम में निम्नवत् केन्द्रों में से परीक्षा के केन्द्र के लिए दो विकल्प देने चाहिए। तथापि, परिषद् के पास किसी भी समय परीक्षा के केन्द्र को बदलने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

1. नई दिल्ली/दिल्ली
2. अजमेर
3. भोपाल
4. भुवनेश्वर
5. मैसूर
6. शिलांग

**(छ)** **परीक्षा की तिथि :**
परीक्षा मई/ twu माह 2016 में आयोजित की जा सकती है।

(ज) **राष्ट्रीयता/नागरिकता :**
अभ्यर्थी को भारत का नागरिक होना अनिवार्य है और ऐसा व्यक्ति जिसे भारत सरकार द्वारा नागरिकता प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो।

**(झ)** जैसा कि उपर्युक्त पैरा 'घ' और 'ज' में दिया गया है, ऐसा अभ्यर्थी जिसके मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है परन्तु उसके द्वारा आवेदन प्रस्तुति की तिथि से पूर्व भारत सरकार द्वारा जारी आवश्यक पात्रता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही नियुक्ति प्रस्ताव दिया जाएगा।

**(ञ)** पहले से ही सरकारी/स्वायत/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में सेवारत व्यक्ति उचित माध्यम से आवेदन करें।

**(ट)** **परीक्षा की योजना**

I. लिखित परीक्षा (150 अंक और अवधि 3 घंटे)

| | | |
|---|---|---|
| i. | सामान्य ज्ञान - | 50 अंक (वस्तुनिष्ठ) |
| ii. | सामान्य अंग्रेजी - | 50 अंक (वस्तुनिष्ठ) |
| iii. | लेखन अभिव्यक्ति - | 50 अंक (वर्णनात्मक) |

(अभ्यर्थी हिंदी अथवा अंग्रेजी विकल्प का चयन कर सकता है)

II. जो लिखित परीक्षा में अर्हक होंगे उन्हें कंप्यूटर पर कौशल परीक्षा देनी होगी। अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति (35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट जो 10500 केडीपीएच/9000 केडीपीएच, औसतन 5 की - डिप्रेशन्स प्रति शब्द के समरूप है) कौशल परीक्षा में अर्हता के लिए अपेक्षित है। परिषद् द्वारा कंप्यूटर पर कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी।

(ठ) लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर कौशल परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का निर्णय परिषद् द्वारा किया जाएगा और इस संबंध में किसी पत्राचार/अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ड) उन अभ्यर्थियों की अंतिम योग्यता क्रमसूची तैयार की जाएगी जो निर्धारित टंकण गति के साथ कंप्यूटर पर कौशल परीक्षा में अर्हक होंगे। कौशल परीक्षा अर्हकारी होगी और इसके लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे। कौशल परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की योग्यता स्थिति लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ढ) लिखित/कौशल परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता अथवा स्थानीय वाहन व्यय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(ण) पक्ष-प्रचार या किसी प्रकार के बाहरी प्रभाव को लाने पर आवेदक की अभ्यर्थिता को बिना सूचना के अयोग्य ठहराया जाएगा।

(त) परीक्षा का परिणाम, जब कभी भी घोषित किया जाएगा, एनसीईआरटी की वेबसाइट www.ncert.nic.in-> announcement->vacancies->non -academic पर उपलब्ध होगा। परीक्षा के परिणाम के संबंध में पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(थ) **आवेदन प्रपत्र की हार्ड कॉपी भेजने से पूर्व जांच सूची**

- **i.** आवेदन प्रपत्र पर फोटोग्राफ चिपका दिया गया है और इस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।
- **ii.** आवेदन प्रपत्र पर तिथि और अभ्यर्थी के हस्ताक्षर हैं।
- **iii.** जहां भी लागू हो, डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक के रूप में आवेदन शुल्क संलग्न हो और इसके पीछे की ओर अभ्यर्थी का नाम एवं यू आर एन लिखा हो।
- **iv.** लिफाफे पर सबसे ऊपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम, यू आर एन एवं परीक्षा केन्द्र का विकल्प उल्लिखित हो।

(द) **परिषद् लिखित परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत छानबीन नहीं करेगी। अतएव अभ्यर्थिता अस्थाई रूप से स्वीकार की जाएगी।**

(ध) **केवल निर्धारित अर्हताओं और आवश्यक अनुभव प्राप्त होने से ही किसी व्यक्ति को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हक नहीं होगा और जो इस पद के लिए आवेदन कर रहे हों उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विज्ञापन में विहित सभी पात्रता मापदण्डों को पूरा करते हैं। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया गया कि वह विहित मापदण्डों को पूरा नहीं करता/ती है तो उसकी अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा और कोई शुल्क वापिस नहीं किया जाएगा।**

**Click here for Apply Online**